## 2. राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालयः–

**(क) सीटों की संख्याः–** पहली कक्षा में प्रत्येक सैक्शन में अधिकतम छात्र संख्या 30 है तथा केवल अंग्रेजी माध्यम में पढ़ने के इच्छुक विद्यार्थियों को ही इस कक्षा में दाखिला मिलेगा। गत वर्ष की भांति इन विद्यालयों में **कक्षा पहली में हिन्दी माध्यम का सैक्शन नहीं होगा।**

**(ख) सैक्शन की संख्याः–** सभी कक्षाओं में सैक्शनस (अनुभागों) की संख्या सम्बन्धित SMC द्वारा विद्यालय में उपलब्ध ढांचागत सुविधाओं के मध्यनजर निर्धारित की जाएगी तथा ड्रा के लिए उपलब्ध करवाई जाएगी।

**(ग) दाखिला प्रक्रियाः–** विभाग द्वारा पूर्व में जारी पत्र क्रमांक KW 20/1-2016 ACD (1) दिनाक 01.04.2021 के अनुसार दाखिला प्रक्रिया तथा सीटों पर आरक्षण यथावत रहेगा जिसका विवरण निम्नानुसार हैः–

| Sr. No. | Income Group | Seat Reserve (%) | No. of Seats |
|---|---|---|---|
| 1. | वार्षिक आय एक लाख अस्सी हजार तक (Annual income upto 1.80 lac) | 20% | 06 |
| 2. | वार्षिक आय एक लाख अस्सी हजार से अधिक तथा दो लाख चालीस हजार तक (Annual income above 1.80 lac and upto 2.40 lac) | 10% | 03 |

इसके अतिरिक्त शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1)(C) के तहत आरक्षण भी दिया जाना है जो निम्नानुसार हैः–

| Sr. No. | Category of Candidate in 12 (1)(C) | Seat Reserve (25%) | No. of Seats |
|---|---|---|---|
| | | | 03 |
| 1. | SC | | 02 |
| 2. | BC 'A' | | 01 |
| 3. | BC 'B' | | 02 |
| a. | CWSN (दिव्यांग) अनाथ बच्चे / HIV प्रभावित बच्चे | | |

**(घ) विद्यालय विकास निधिः–** इसके तहत पजीकरण अंशदान केवल एक बार लिया जाना है। **गत वर्षों से** दाखिल विद्यार्थियों से किसी तरह का पजीकरण अंशदान नहीं लिया जाएगा। विद्यालय विकास निधि का कक्षावार मासिक अंशदान निम्नानुसार हैः–

| क्रमांक | विषय | राशि | कक्षा |
|---|---|---|---|
| 1. | **एक मुश्त पंजीकरण अंशदान** (VVN) (One time admission contribution) | 500 / – | 1 से 5 |
| | | 1000 / – | 6 से 12 |
| 2. | **मासिक अंशदान** (VVN) (Monthly contribution) | 200 / – | 1 से 3 |
| | | 250 / – | 4 से 5 |
| | | 300 / – | 6 से 8 |
| | | 400 / – | 9 से 10 |
| | | 500 / – | 11 से 12 |